# University in News on 25 September 2020

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## लविवि में दो विभागाध्यक्ष तैनात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रोस्टर के तहत गुरुवार को दो विभागों के अध्यक्ष में बदलाव किया है। यह विभागाध्यक्ष आगामी तीन वर्षों तक अथवा अग्रिम आदेश तक विभाग की जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे। इसमें भाषा विभाग की जिम्मेदारी प्रो. कविता रस्तोगी और भुगर्भ विभाग का अध्यक्ष प्रो. अजय मिश्रा को बनाया गया हैं।

## लविवि ने चार विषयों की परीक्षा की तिथि बदली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में परास्नातक के अंतिम सेमेस्टर के चार विषयों की परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। इसकी जानकारी देते हुये परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि यह परीक्षा तिथि में बदलाव यूजीसी (नेट) की परीक्षाओं के कारण बदलाव किया गया है। इसमें 30 सितम्बर को आयोजित होने वाली एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स व एमए इकोनॉमिक्स की परीक्षा क्रमशः तीन व छह अक्टूबर को होगी। वहीं, 29 सितम्बर को होनी वाली एमपीएड परीक्षा तीन अक्टूबर को और एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन की परीक्षा एक के बजाय तीन अक्टूबर को आयोजित की जायेगी। हालांकि, इन परीक्षाओं का केंद्र और समय पूर्ववत ही रहेगा।

**HINDUSTAN PAGE 8**

## एलयू : पीजी की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम बदला

**फेरबदल**

- यूजीसी नेट के प्रस्तावित कार्यक्रम की वजह से बदलाव
- परीक्षाओं के केंद्र और समय में कोई परिवर्तन नहीं

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने आगामी 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाओं के कार्यक्रम में फेरबदल किया है।

गुरुवार को जारी आदेश के मुताबिक यह परीक्षाएं अब 3 और 6 अक्टूबर को आयोजित की जाएंगी। यूजीसी नेट के प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम को देखते हुए यह बदलाव किया गया है।

ऐसा इसलिए किया गया है ताकि किसी भी छात्र-छात्रा की परीक्षा में ओवरलैप की समस्या न आए। छात्रों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी नए परीक्षा कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर को एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स की होने वाली परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी।

इसी दिन होने वाली एमए इकोनॉमिक्स की परीक्षा अब 06 अक्टूबर को होगी। 29 सितंबर को होने वाली एमपीएड की परीक्षा अब 03 अक्टूबर को होगी। वहीं एक अक्टूबर को होने वाली एमए (डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन) की परीक्षा अब 03 अक्टूबर को होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि परीक्षाओं के केंद्र और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**i-NEXT PAGE 2 & 4**

## एलयू की नई गैलरी में होंगे दो हजार साल प्राचीन ग्रंथ

**लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रो. राधा कमल मुखर्जी के नाम पर तैयार हो रही आर्ट गैलरी**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(24 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र और समाजकार्य विभाग की स्थापना करने वाले प्रो. राधा कमल मुखर्जी के नाम पर टैगोर लाइब्रेरी में आर्ट गैलरी स्थापित की जा रही है. इस गैलरी में प्राचीन वास्तुकला, चित्रकला, और स्कल्पचर आदि रखे जाएंगे. इस गैलरी की शुरुआत नवंबर माह में की जाएगी.

**बाहरी लोग भी देख सकेंगे**

टैगोर लाइब्रेरी के सहायक लाइब्रेरियन डॉ. कमल कुमार ने बताया कि इस गैलरी में दो हजार साल पुराने हस्त लिखित ग्रंथ भी होंगे. इसके साथ ही ताम्रपत्र, हस्त लिखित उर्दू एवं फारसी ग्रंथ भी रखे जाएंगे. स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की तांबे और अन्य कीमती धातुओं से निर्मित मूर्तियां भी स्थापित की जाएंगी. डॉ. कमल कुमार ने बताया कि नवंबर में गैलरी की शुरुआत होगी और कुछ समय बाद बाहरी लोगों के लिए भी इसे खोला जाएगा.

**प्रसिद्ध समाज शास्त्री**

राधा कमल मुखर्जी आधुनिक भारत के एक प्रसिद्ध समाज शास्त्री थी. उन्होंने सन 1949 में एलयू में समाजशास्त्र और समाजकार्य विभाग की स्थापना की थी. काशी विद्यापीठ बनारस में समाजकार्य विभाग की प्रदेश में सबसे पहले स्थापना की गई थी, इसके बाद दूसरा स्थान एलयू का आता है. प्रो. राधा कमल मुखर्जी एलयू के उप कुलपति भी बने थे.

## चेंज हो गया पीजी का एग्जाम शेड्यूल

**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एग्जाम शेड्यूल किया चेंज**

LUCKNOW(24 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी कोर्स के लास्ट ईयर के एग्जाम शेड्यूल में परिवर्तन किया है. परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एएन सक्सेना ने बताया कि एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स फोर्थ सेमेस्टर और एमए इकोनॉमिक्स फोर्थ सेमेस्टर के एग्जाम पहले 30 सितंबर को होने थे. अब यह एग्जाम 3 अक्टूबर और 6 अक्टूबर को होंगे. 29 सितंबर को एमपीएड फोर्थ सेमेस्टर के एग्जाम 3 अक्टूबर होंगे. एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन की 1 अक्टूबर को होने वाली एग्जाम 3 अक्टूबर को होगी.

**PIONEER PAGE 3**

## नेट परीक्षा को लेकर पीजी कार्यक्रम में संशोधन

लखनऊ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तरफ से प्रस्तावित नेट परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने पीजी परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षाओं के केंद्र और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नई तारीखों के तहत अब 30 सितंबर को एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स की होने वाली परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी। इसी दिन होने वाली एमए इकोनॉमिक्स की परीक्षा अब 6 अक्टूबर को होगी। 29 सितंबर को होने वाली एमपीएड की परीक्षा अब 3 अक्टूबर को होगी। वहीं एक अक्टूबर को होने वाली एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन की परीक्षा अब तीन अक्टूबर को होगी।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## लविवि : पीजी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव

लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को यूजीसी (नेट) की परीक्षाओं के चलते टाल दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पीजी अंतिम सेमेस्टर की टाली गई परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की भी घोषणा कर दी गई है। सितंबर में होने वाली परीक्षा अब अक्टूबर में होगी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. आनंद मुरारी ने बताया कि परीक्षाओं के केंद्र और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 30 सितंबर को एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स की होने वाली परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी। इसी दिन होने वाली एमए इकोनॉमिक्स की परीक्षा छह अक्टूबर को होगी। 29 सितंबर को होने वाली एमपीएड की परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी। वहीं एक अक्टूबर को होने वाली एमए (डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन) की परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी।



### लविवि में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। परिसर में वृक्षारोपण के साथ, मास्क भी वितरित किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपनी स्थापना के प्रारंभ से ही जनहितकारी कार्यों को अपना मूल लक्ष्य बनाकर चला। विवि इकाई ने भी जनकल्याणकारी कार्यों में पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। डॉ. ओपी. शुक्ला, डॉ. महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. मोहिनी गौतम, डॉ. राहुल पाण्डेय मौजूद रहे।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लखनऊ विश्वविद्यालय : नेट के कारण बदली पीजी परीक्षाओं की तिथियां

लखनऊ। यूजीसी नेट को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां पीजी के कुछ पेपर की तिथियों में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक ने नई तिथियां जारी कर दी हैं। नए शिड्यूल के तहत 30 सितंबर को होने वाली एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स परीक्षा 3 अक्तूबर, एमए इकोनॉमिक्स की 30 सितंबर को होने वाली परीक्षा 6 अक्तूबर, एमपीएड की 29 सितंबर को होने वाली परीक्षा 3 अक्तूबर व एमए डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन की 1 अक्तूबर को होने वाली परीक्षा 3 अक्तूबर को आयोजित की जाएगी।

## पौधरोपण कर मनाया स्थापना दिवस

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 51वें स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण के साथ मास्क वितरित किए गए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी ने कहा कि इकाई ने भी जनकल्याणकारी कार्यों में अपनी भूमिका पूरी जिम्मेदारी से निभाई है। कोविड-19 के दौर में जागरूकता अभियान, मास्क वितरण, ग्लव्स एवं सैनिटाइजर वितरण तथा जरूरतमंदों की मदद हेतु हेल्पलाइन नंबर की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. मोहिनी गौतम, डॉ. राहुल पांडेय आदि उपस्थित थे।

## भूगर्भ व भाषा विभाग में नए हेड

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रो. अजय मिश्रा को भूगर्भ विभाग का नया विभागाध्यक्ष बनाया गया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह के अनुसार उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। इसी क्रम में प्रो. कविता रस्तोगी को तीन साल के लिए भाषा विभाग का हेड बनाया गया है।

**TOI PAGE 3**

## Change in LU exam dates

Lucknow University has rescheduled its four postgraduate final year exams as the dates were clashing with UGC's National Eligibility Test. The MCom (Applied Economics) and MA (Economics) scheduled for September 30 will now be held on October 3 and 6, respectively. The MPEd examination scheduled for September 29 and MA diploma in translation scheduled for October 1 will now be held on October 3.